32वीं राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट राष्ट्रीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

10 मार्च, 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के छोटे तालाब पर 32वीं राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट, 15वीं पैरा कैनो तथा प्रथम स्टैंडअप पैडलिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2021-22 का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस प्रतियोगिता का आयोजन सीनियर आईपीएस अधिकारी रहे स्व. संजीव कुमार सिंह की स्मृति में किया जा रहा है। यह पहला मौका है, जब यह राष्ट्रीय प्रतियोगिाता किसी व्यक्तिविशेष के नाम से आयोजित हो रही है।
- भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग के सचिव ने बताया कि सीनियर आईपीएस अधिकारी रहे स्व. संजीव कुमार का खेलों में विशेष योगदान रहा है, इसलिये यह प्रतियोगिता उनके नाम से आयोजित की जा रही है।
- 10 से 13 मार्च तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 27 राज्यों के लगभग 750 खिलाड़ी सम्मिलित हो रहे हैं। मेज़बान मध्य प्रदेश के 47 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। कुल 285 पदक के लिये प्रतिस्पर्धाएँ होंगी।
- इस अवसर पर 15वीं पैरा कैनो तथा प्रथम स्टैंडअप पैडलिंग चैंपियनशिप का भी आयोजन हो रहा है। सबसे खास बात यह है कि इसी प्रतियोगिता के आधार पर भारतीय टीम का भी चयन होना है, जो बीजिंग एशियन गेम में भाग लेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/32nd-national-canoe-sprint-national-competition